**Regardin budget allocation for Sansad Adarsh Gram Yojana**

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** सभापति महोदया, सोलहवीं लोक सभा में भारत सरकार ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना लागू की थी, सांसद आदर्श ग्राम योजना । पहले के सांसद साथी इस बात को समझेंगे । इस आदर्श ग्राम योजना के अंदर गाइडलाइन्स के मार्फत एक विलेज डेवलपमेंट प्लॉन बनाया, जिस गाइडलाइन्स में दो वर्टिकल्स दिए गए थे कि डेवलपमेंट कैसे करया जाएगा । गांव से निकलने वाली हर रोड डामर की होनी चाहिए । गांव के अंदर पानी की व्यवस्था हो, बिजली की व्यवस्था हो, बच्चों के लिए प्लग्राउंड्स होनी चाहिए, कम्युनिटी सेंटर्स हो । एक प्रॉपर विलेज डेवलपमेंट प्लॉन की बुकलेट थी उसी के अनुसार एक वीडीपी बनायी गई, उसका नाम था विलेज डेवलपमेंट प्लॉन, उसके अनुसार हमें काम करना था । एक पंचायत का डेवलपेंट प्लान बना, वह 20-22 करोड़ रुपये का बना, इस योजना को जब लागू किया गया तो लोगों में बहुत खुशी थी कि एक अच्छा प्रोग्राम निकल कर आया है और इस प्रोग्राम से गांव में विकास पहुंचेगा ।

माननीय सभापति **:** मैं माननीय सदस्यों से आग्रह कर रही हूं कि ज्यादा भूमिका न बांधें, केवल विषय की चर्चा करें, एक मिनट में अपनी बात करें ।

श्री राहुल कस्वां **:** मैडम, भूमिका बांधनी जरूरी है क्यों कि कोई सुन ही नहीं रहा । मैं कहना चाहता हूं कि विलेज का प्लान बनने के बाद आज तक भी सांसद आदर्श ग्राम योजना के लिए फंडिंग का प्रावधान नहीं किया गया । वर्ष 2024-25 के बजट सेशन में भी कोई प्रावधान नहीं है । आज की तारीख में अगर मैं अपने लोकसभा क्षेत्र की बात कहूं तो साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये की राशि मनरेगा के तहत मिलती है और हम एक पंचायत में सवा से डेढ़ करोड़ रुपये खर्च करते हैं । अगर विलेज डेवलपमेंट प्लान को देखें तो 25 करोड़ रुपये की लागत में 25 साल में काम पूरा होगा ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि सांसद आदर्श ग्राम को डेवलप करना है तो इसके लिए डिफरेंट बजट का प्रावधान किया जाए और पंचायतों को मजबूती प्रदान करने के लिए भी बजट का प्रावधान किया जाए तभी गांव मजबूत हो पाएंगे ।